राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने एक-दूसरे को दी नववर्ष की बधाई

जयपुर 01 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को सांय यहाँ राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की । राज्यपाल श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री श्री गहलोत को नव वर्ष की बधाई दी । मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने भी राज्यपाल श्री मिश्र को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी ।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को “राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के राजस्थान में 100 दिवस” पुस्तक की प्रति भेंट की । राज्यपाल श्री मिश्र के साथ मुख्यमंत्री श्री गहलोत आधे घण्टे तक रहे । राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्यमंत्री श्री गहलोत की यह शिष्टाचार भेंट थी ।

–

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल